प्रथम प्रति/द्वितीय प्रति

ई–मेलः seeudcmzn@gmail.com

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
मुजफफरनगर।

पत्रांक :– 6162 /वि.न.वि.मं.–मु0नगर

दिनांक : 23/02/2023

सेवा में,

**विज्ञापन व्यवस्थापक**

**अमर उजाला, मेरठ (मेरठ संस्करण)।**
**दैनिक शाह टाइम्स मुजफ्फरनगर (मुजफ्फरनगर संस्करण)।**

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन सामग्री अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांकः 24.02.2023 या 25.02.2023 के अंक में कम से कम 8–10 प्वांइन्ट टाइप में समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने के कृपा करें। निविदा सूचना का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ को प्रेषित करें।

विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा। **विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य प्रेषित कर दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।**

यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृष्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में "राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" का नारा, विद्युत हेल्पलाईन 1800–180–3002(मेरठ) तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः (1) विज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति।
(2) विज्ञापन सामग्री।

भवदीय

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
मुजफ्फरनगर

पत्रांकः–6162 /वि.न.वि.मं.–मु0नगर/ दिनांकः– 23/02/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
(1) मुख्य अभियन्ता (वितरण), प0वि0वि0नि0लि0, सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर।
(2) सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
मुजफ्फरनगर

**<u>अल्पकालीन ई–निविदा सूचना</u> :–** इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति के लिए अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 13.03.2023 को खोली जायेगी। प्रति ई–निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 (अदेय) एवं प्रति ई–निविदा धरोहर राशि रू0 2000.00। अल्पकालीन ई–निविदा संख्या–75/2022-23 OF EUDC MZN जिसके सापेक्ष विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्र मिमलाना रोड़ पर स्थापित 11 केवी वी0सी0बी0 के मरम्मतीकरण का कार्य। अल्पकालीन ई–निविदा संख्या–76/2022-23 OF EUDC MZN जिसके सापेक्ष विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–द्वितीय, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत आई0डी0एफ0 मीटरों को बदलने का कार्य। कृपया विस्तार में सभी जानकारी हेतु बेबसाईट www.etender.up.nic.in/pvvnl.org से डाउनलोड करें तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए ई–निविदा खुलने के समय तक लॉग ऑन करें। बिना किसी पूर्व सूचना के ई–निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। ई–निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में ई–निविदा आगामी कार्यदिवस को खोली जायेगी।

(एस0के0 अग्रवाल)
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
मुजफ्फरनगर।